राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'कोरोना–उन्मूलन' हेतु जारी प्रयासों में एकजुटता दिखाने के लिए दीप जलाने पर संतोष व्यक्त किया

पटना, 05 अप्रैल 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'नोवल कोरोना वायरस' (COVID-19) के उन्मूलन हेतु जारी प्रयासों में एकजुटता और दृढ़निष्ठा दिखाने के लिए बिहारवासियों द्वारा भी दीप/मोमबत्ती/टॉर्च/मोबाईल फ्लैश लाईट जलाने में अपनी सहभागिता निभाने पर संतोष व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने कहा है कि माननीय प्रधानमंत्री की अपील के आलोक में कोरोना–संकट के अंधकार से निबटने के लिए रोशनी जलाकर सभी लोगों ने जिस राष्ट्रीय–सामाजिक एकता और दृढ़संकल्प को अभिव्यक्त किया है, उससे यह एहसास मजबूत हुआ है कि भारत किसी भी प्रकार की चुनौती से निबटने में तत्पर और सक्षम है।

राज्यपाल ने राजभवन में आज रात 9 बजे 9 मिनट तक स्वयं भी दीप जलाकर 'कोरोना–संकट' से निबटने के लिए जारी संघर्ष की सफलता के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

....